एक नजर में

अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान



लखीमपुर खीरी। आबकारी विभाग ने चलाया पूरे जिले में अवैध कच्ची शराब के खिलाफ चलाया अभियान। इस सन्दर्भ में जिला आबकारी अधिकारी राजवीर सिंह ने बताया कि ग्राम लोनिया पुरवा थाना खीरी चिमनी थाना कोतवाली सदर खेमसराय बढ़वारी मांग थाना पसगवां ईशरीपुरवा घनश्याम पुरवा थाना पढुवा गजरौरा थाना पलिया देवरिया कैमारा कैमारी थाना हैदराबाद कालीचरणपुर जंगल थाना गोला कुकुर गोती, भगवानपुर, श्रीपालपुर थाना मैगलगंज लहबड़ी रामपुर व उसके आसपास थाना धौरहरा में दबिश दी गई। जनपद में दबिश के दौरान कुल 15 अभियोगो को पंजीकृत किया गया। अभियान में 359 लीटर अवैध शराब बरामद करते हुए लगभग 1800 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया।

एसडीएम के निर्देश पर पुलिस क्षेत्राधिकारी ने अतिशवाजी की दूकानों को किया चेक

गोला गोकर्णनाथ खीरी । नवागत उपजिलाधिकारी राशि कृष्णा ने चार्ज लेने के बाद आगाम त्योहार धनतेरस दीपावली गोवर्धन पूजा भाई दूज के त्योहार को कुशल संपन्न कराने के लिये कमर कस ली है। जिसके चलते उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा के आदेशानुसार के क्रम मे तहसील क्षेत्र के थानो हैदराबाद मैलानीए भीरा व गोला मे आतिशवाजो की दूकानो का निरिक्षण कर उनको हिदायत दी है। जो भी सरकार व प्रसासन के द्वारा गाइड लाइन जारी की गई है उसका अनुपालन करते हुये ही आतिशबाजो की दूकाने लगाई जायेएव दूकानो मे आग बुझाने बाले यंत्र पानी बालू आदि की भी उपलब्धता सुनिश्चित कर ले इस दौरान पुलिस क्षेत्राधिकारी जितेंद्र सिंह परिहार ने बताया के जितने का परमीशन है उससे अधिक सामाग्री मिलने पर लाइसेंस निरस्त किया जा सकता है इस दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह सब इंस्पेक्टर फायर ब्रिगेड सुरेन्द्र सिंह सिंदे सहित तमाम अधिकारी व पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

लकी ड्रा में अखिलेश ने जीती स्कूटी

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मिर्रीकलां स्थित एसएस फिलिंग स्टेशन पर गुरुवार को लकी ड्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें करीब पांच हजार लोगों ने पर्चियां डाली थीं। कार्यक्रम में पहुंचे एचपीसीएल के सीआरएम अकबर ख्वाजा शरीफने लकी ड्रा की पहली पर्ची निकाली।इसमें मिर्रीकलां निवासी अखिलेश ने प्रथम पुरस्कार के रूप में स्कूटी जीती। द्वितीय पुरस्कार में दिग्विजय सिंह को एलईडी टीवी, तृतीय पुरस्कार में शनि कुमार को वॉशिंग मशीन और चतुर्थ पुरस्कार में सुनील को फ्रिज दिया गया। आयोजक सर्वेश सोनकर ने सभी विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने बताया कि फिलिंग स्टेशन पर एक माह पूर्व शुरू हुई यह योजना वर्ष में पांच बार आयोजित की जाएगी। अगली योजना 15 नवंबर से शुरू होकर एक जनवरी को खोली जाएगी। इस दौरान कंपनी की सेल्स अधिकारी निवेदिता शाही, रामनरेश सोनकर, ग्राम प्रशासक धुन्नर प्रसाद, कपिल त्रिपाठी, सुधीर बाजपेई, राजेंद्र लोधी और अरुण प्रजापति सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

हाईवे पर अलग-अलग हादसों में दो युवकों की मौत

उन्नाव। बुधवार देर रात उन्नाव-लालगंज हाईवे पर अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों की मौत हो गई। संबंधित थाना पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।सदर कोतवाली क्षेत्र के शेखपुर नरी गांव के मजरा शिवसिंह खेड़ा निवासी सुजीत (25) पुत्र रामस्वरूप कार चालक था। बुधवार रात वह चचेरे भाई अलाइन वर्मा की कार से भोजपुर जा रहा था। गदनखेड़ा से आगे एक रिजॉर्ट के सामने वह कार से उतरकर मित्र से बात करने जा रहा था। तभी तेज रफ्तार डीसीएम ने उसे टक्कर मार दी। उछलकर वह आगे खड़ी कार से टकरा गया। गंभीर हालत में परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां से कानपुर जाते समय उसकी मौत हो गई। वह माता-पिता का इकलौता बेटा था। मां रामरानी और बहनों कोमल व उमा का रो-रोकर बुरा हाल है।दूसरी घटना में बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर कर्ण निवासी आशु बाजपेई पुत्र लल्ली की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। वह उन्नाव से मजदूरी कर ऑटो से गांव के बाहर उतरा था और पैदल घर जा रहा था। तभी ईंट भट्ठे के सामने वाहन ने उसे टक्कर मार दी। आशु अविवाहित था और मां कुसुमा के साथ रहता था। बेटे की मौत से मां बेहाल है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश कर रही है।

मियागंज में धड़ल्ले से चल रहे सात अवैध बस अड्डे

मियागंज, उन्नाव। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अवैध बस अड्डों के संचालन पर रोक लगाने के निर्देशों के बावजूद मियागंज कस्बे में सात अवैध बस अड्डे संचालित होने का आरोप है। कस्बे के चौराहे पर पुलिस पिकेट से चंद कदम की दूरी पर चल रहे इन अड्डों से डबल डेकर बसों द्वारा सवारियां दूसरे राज्यों में भेजी जा रही हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पुलिस और परिवहन विभाग की कथित मिलीभगत से चंडीगढ़, लुधियाना, अमृतसर, कुरुक्षेत्र, सोनीपत, पानीपत, पटियाला, करनाल और दिल्ली के लिए बसों का संचालन हो रहा है। आरोप है कि यात्रियों से मनमाना किराया वसूला जा रहा है, जिससे सरकारी राजस्व को भी नुकसान पहुंच रहा है। क्षेत्रीय लोगों का सवाल है कि शासन के निर्देशों के बावजूद अवैध बस अड्डों का संचालन कैसे जारी है। उन्होंने मामले की जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफकार्रवाई और अवैध बस अड्डों को बंद कराने की मांग की है।

भक्ति के सैलाब के बीच शिव महापुराण कथा का समापन

उन्नाव। बीघापुर थाना क्षेत्र की ग्रामसभा गौरी में 30 अक्टूबर से आयोजित सात दिवसीय शिव महापुराण कथा का गुरुवार को शांतिपूर्ण ढंग से समापन हो गया। अंतिम दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इसे देखते हुए प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा व यातायात के व्यापक इंतजाम किए। जिलाधिकारी घनश्याम मीना और एसएसपी जय प्रकाश सिंह ने कथा स्थल पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को भीड़ नियंत्रण, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने के निर्देश दिए। आयोजन स्थल और प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। अधिकारी लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे। इस दौरान एसपी उत्तरी आयुष श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार, एएसपी दक्षिणी शैलेंद्र लाल, सहायक पुलिस अधीक्षक एवं सीओ बीघापुर प्रदीप कुमार तथा सीओ पुरवा अरविंद कुमार सहित अन्य प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

रेलवे क्रॉसिंग पर मरम्मत से एक घंटे लगा जाम

शुक्लागंज, उन्नाव। बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे ओवरब्रिज बुधवार को यातायात के लिए चालू होने के बाद गुरुवार को नीचे स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर मरम्मत कार्य शुरू किया गया। सिग्नल एवं टेलीकॉम विभाग की टीम ने दोपहर में मेंटेनेंस कार्य कराया। इसके चलते फाटक करीब एक घंटे तक बंद रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।विभागीय कर्मचारियों के अनुसार, क्रॉसिंग को पूरी तरह बंद नहीं किया जा रहा है। सुरक्षा के लिहाज से गेट बूम खींचने वाले तार बदले गए और अन्य तकनीकी कमियों को दुरुस्त किया गया। फाटक बंद होने से एंबुलेंस समेत कई वाहन जाम में फंस गए। हालांकि, हाल ही में ओवरब्रिज चालू होने से लोगों को वैकल्पिक रास्ता मिल गया। राहगीरों की सलाह पर कई वाहन चालक ओवरब्रिज से होकर निकले। करीब एक घंटे बाद मरम्मत पूरी होने पर फाटक खोल दिया गया और यातायात सामान्य हो गया।

मालगाड़ी का इंजन फेल, कई ट्रेनें घंटों लेट

शुक्लागंज, उन्नाव। कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर गुरुवार सुबह लखनऊ की ओर जा रही मालगाड़ी का इंजन अचानक फेल हो गया। इससे रेल संचालन प्रभावित हुआ और गंगाघाट स्टेशन पर अमृत भारत एक्सप्रेस, पुष्पक एक्सप्रेस समेत कई प्रमुख ट्रेनों को रोकना पड़ा। सुबह करीब 7:30 बजे उन्नाव और सोनिक स्टेशन के बीच डाउन लाइन पर तकनीकी खराबी के चलते मालगाड़ी खड़ी हो गई। इसके कारण अन्य ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। सुबह 7:50 बजे पहुंचने वाली चित्रकूट एक्सप्रेस 9:45 बजे गुजरी। वहीं पुष्पक एक्सप्रेस सुबह 9:40 से 10:02 बजे तक और अमृत भारत एक्सप्रेस 9:53 से 10:31 बजे तक खड़ी रही।

खंती में गिरे ई-रिक्शा से महिलाओं-बच्चों को डीएम-एसएसपी ने सुरक्षित



उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम भैंसई के पास उन्नाव-लालगंज हाईवे पर टायर पंचर होने से ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में उतर गया और बाउंड्री से टकरा गया। हादसे के समय वाहन में कई महिलाएं और बच्चे सवार थे। संयोग रहा कि किसी को चोट नहीं आई। इसी दौरान क्षेत्र में भ्रमण कर रहे जिलाधिकारी घनश्याम मीना और एसएसपी जय प्रकाश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने तत्काल राहत कार्य शुरू कराते हुए ई-रिक्शा में फंसी महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकलवाया। इसके बाद सभी का कुशलक्षेम जाना और हादसे की जानकारी ली। महिलाओं और बच्चों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरे वाहन की व्यवस्था कराई गई। सभी को सकुशल रवाना किया गया। हादसे में किसी के चोटिल न होने से बड़ी अनहोनी टल गई।

कैंसर पीड़ित वृद्धा ने फंदे से लटककर दी जान

अजगैन, उन्नाव। अजगैन कस्बे में कैंसर से पीड़ित 73 वर्षीय वृद्धा ने बुधवार रात फंदे से लटककर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।कस्बा निवासी विनोदिनी (73) पत्नी स्व. प्रेमशंकर शुक्ला कैंसर से पीड़ित थीं। उनका लखनऊ से इलाज चल रहा था। छोटा बेटा शिवकेश उनके साथ रहकर देखभाल और इलाज करा रहा था। शिवकेश के मुताबिक, रात करीब 11 बजे मां अपने कमरे में सोने चली गई थीं। भोर में नींद खुलने पर वह मां के कमरे में पहुंचा तो उनका शव रस्सी के सहारे पंखे के कुंडे से लटका मिला। यह देखकर उसके होश उड़ गए। मां की मौत की सूचना पर बेटे कृष्ण गोविंद और कृष्ण माधव भी पहुंच गए। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। रिपोर्ट में हैंगिंग से मौत की पुष्टि हुई।

ग्राम पंचायत परेली में वित्तीय अनियमितताओं की सुगबुगाहट

कंप्यूटर मरम्मत से लेकर हैंडपंप रीबोर तक के कार्यों के भौतिक सत्यापन की उठी मांग, बीडीओ बोले होगी निष्पक्ष जांच

गोला गोकर्णनाथ.खीरी। विकास खंड कुंभी की ग्राम पंचायत परेली में वित्तीय प्रबंधन और जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ताजा मामला एक ही फर्म को अलग.अलग विकास मदों से किए गए भुगतानों से जुड़ा हैए जिसके चलते सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका जताई जा रही है।

कागजी खानापूर्ति और वास्तविक स्थिति पर संशय

विभागीय सूत्रों के अनुसारए एक ही फर्म को विभिन्न मदों के तहत बड़े पैमाने पर भुगतान किए जाने की प्रक्रिया ने पंचायत के वित्तीय लेन.देन को संदेह के घेरे में ला दिया है। जानकारों का कहना है कि महज कागजी अभिलेखों और बिल.वाउचर के आधार पर भुगतान की प्रक्रिया को सही मान लेना उचित नहीं है।मामले की सच्चाई सामने लाने के लिए यह बेहद जरूरी है कि संबंधित कार्यों का मौके पर जाकर भौतिक सत्यापन कराया जाए। कंप्यूटर मरम्मत जैसे तकनीकी कार्यों से लेकर हैंडपंप रीबोर जैसी धरातल पर दिखने वाली परियोजनाओं की वास्तविक स्थिति की जांच होने के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि सरकारी धन का उपयोग नियमों के दायरे में हुआ है या फिर भुगतान के नाम पर केवल कागजी खानापूर्ति की गई है। इस पूरे प्रकरण पर जब खंड विकास अधिकारी कुंभी शिरीष वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें इस संबंध में जानकारी मिल चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरे मामले की गंभीरता से जांच कराई जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगेए उनके आधार पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।वहीं इस संबंध में पक्ष जानने के लिए मुख्य विकास अधिकारी लखीमपुर खीरी के आधिकारिक सीयूजी नंबर पर संपर्क करने का प्रयास किया गयाए लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।क्षेत्र में चर्चा का विषय बने इस प्रकरण के बाद अब ग्रामीणों और प्रबुद्ध नागरिकों की निगाहें प्रशासनिक जांच रिपोर्ट पर टिकी हैं कि आखिर कब तक इस मामले का सच सामने आता है और क्या कार्रवाई होती है।

गमछा बांध ग्राहक बन पहुंचे आबकारी अधिकारी, शटर के नीचे से मांगी शराब



उन्नाव। शराब की दुकानों पर निर्धारित समय से पहले बिक्री की हकीकत जानने के लिए जिला आबकारी अधिकारी अनुराग सिंह खुद ग्राहक बनकर पहुंच गए। उन्होंने गमछे से चेहरा ढका और अज्ञात वाहन से अलग-अलग दुकानों पर पहुंचकर शटर के नीचे से शराब मांगी। हालांकि, किसी भी दुकान से उन्हें शराब नहीं मिली।

जिला आबकारी अधिकारी ने यह गोपनीय अभियान निर्धारित समय से पहले शराब बिक्री की पड़ताल के लिए चलाया। इस दौरान उन्होंने आम ग्राहक की तरह दुकानदारों की गतिविधियों पर नजर रखी। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब की बिक्री शासन द्वारा निर्धारित समय के अनुसार ही होनी चाहिए। समय से पहले या निर्धारित समय के बाद शराब बेचने वाले दुकानदारों के खिलाफआबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जाएगी।

साइबर पुलिस ने 43 हजार रुपये वापस कराए

अम्बेडकरनगर। साइबर अपराध के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए साइबर क्राइम थाना पुलिस ने पीड़ित के खाते में 43 हजार रुपये वापस कराए हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से पीड़ित को बड़ी राहत मिली है।

अहिरौली थाना क्षेत्र के सूरजपुर निवासी आशीष दुबे ने 19 मार्च 2026 को साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी। अनजान लिंक पर क्लिक करने के कारण उनके खाते से 48 हजार रुपये की साइबर धोखाधड़ी हो गई है। इस संबंध में साइबर पोर्टल पर शिकायतसंख्या 331032600 620 25 दर्ज कराई गई थी।

सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज के वार्षिकोत्सव में बिखरी प्रतिभा की छटा, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

मदर टेरेसा हाउस ने 1800 अंक हासिल कर जीती चैंपियंस ट्रॉफी



अम्बेडकरनगर। नगर के प्रतिष्ठित सेंट पीटर्स इंटर कॉलेज अकबरपुर का वार्षिकोत्सव समारोह गुरुवार को हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला जज चंद्रोदय कुमार, विशिष्ट अतिथि एसडीएम सदर प्रतीक्षा सिंह एवं इलाहाबाद धर्मप्रांत के डायोसेसन एजुकेशन डायरेक्टर फादर मेल्विन विल्सन डिसूजा रहे। समारोह की अध्यक्षता इलाहाबाद धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप लुईस मस्करेनस ने की। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के बैंड ग्रुप ने संगीतमय धुन के साथ किया। इसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य फादर बैप्टिस्ट ने स्वागत संबोधन प्रस्तुत किया।समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। नर्सरी से कक्षा आठ तक के बच्चों ने नृत्य, नाटक और संगीत के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। %नया भारत-द राइजिंग होराइजन%, %द फ्यूचर बिगिन्स विद अस% और %स्पिरिट ऑफ भारत% जैसी प्रस्तुतियों के जरिए राष्ट्रीय एकता, आत्मविश्वास और उज्ज्वल भविष्य का संदेश दिया गया। वहीं %बियॉन्ड द स्क्रीन्स% विषय पर प्रस्तुत नाटक के माध्यम से डिजिटल युग में मोबाइल और स्क्रीन के बढ़ते प्रभाव तथा वास्तविक जीवन के महत्व को प्रभावशाली ढंग से दर्शाया गया। विद्यार्थियों की आकर्षक वेशभूषा, शानदार अभिनय और सामूहिक नृत्य ने खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की प्रतिभा की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ सांस्कृतिक, नैतिक और रचनात्मक गतिविधियां भी व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी हैं। इस अवसर पर आईसीएसई एवं आईएससी बोर्ड परीक्षा 2025-26 के मेधावी विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न सदनों के बीच आयोजित प्रतियोगिताओं में 1800 अंक हासिल कर मदर टेरेसा हाउस ने चैंपियंस ट्रॉफी पर कब्जा जमाया, जबकि 1725 अंक प्राप्त कर सेंट पीटर्स हाउस उपविजेता रहा। सेंट थॉमस हाउस 1590 अंकों के साथ तीसरे और सेंट फ्रांसिस हाउस 1310 अंकों के साथ चौथे स्थान पर रहा। इस दौरान बिशप लुईस मस्करेनस एवं फादर मेल्विन विल्सन को भी शॉल और स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों की सामूहिक प्रस्तुति %वन नेशन, वन ड्रीम% और राष्ट्रगान के साथ हुआ। समारोह में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं, अभिभावकों एवं अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

दीपोत्सव को लेकर छह नवंबर की रात से यातायात डायवर्जन, भारी वाहनों का अयोध्या जाना प्रतिबंधित

अम्बेडकरनगर। अयोध्याधाम में सात नवंबर को आयोजित होने वाले दीपोत्सव कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए अम्बेडकरनगर में भी यातायात व्यवस्था में बदलाव किया गया है। यातायात पुलिस ने छह नवंबर की रात 12 बजे से आठ नवंबर को कार्यक्रम और भीड़ समाप्त होने तक भारी वाहनों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाते हुए रूट डायवर्जन लागू किया है। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह के निर्देश पर जारी यातायात एडवाइजरी के अनुसार अयोध्या जाने वाले भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्गों से भेजा जाएगा।यातायात पुलिस के मुताबिक गोरखपुर संतकबीरनगर बस्ती और कलवारी की ओर से अयोध्या जाने वाले भारी वाहनों को सम्हरिया चौराहे से डायवर्ट कर इनामीपुर पुल के नीचे से अकबरपुर बाईपास गोहन्ना बाईपास होते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस.वे से भेजा जाएगा।

सूर्यघर योजना में उन्नाव प्रदेश में आठवें स्थान पर



योजना के तहत सोलर संयंत्र लगवाने वाले लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

पुरवा, उन्नाव। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर रूफटॉप संयंत्रों की स्थापना में उन्नाव ने प्रदेश में आठवां स्थान हासिल किया है। अक्टूबर माह में निर्धारित 1096 के लक्ष्य के सापेक्ष जिले में 1209 संयंत्र स्थापित किए गए। इस तरह जिले ने 110 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की। मार्च 2027 तक जिले में 18,783 संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य है। योजना की प्रगति की समीक्षा के लिए विकास भवन सभागार में जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इसमें यूपीनेडा के परियोजना प्रभारी, विद्युत वितरण खंडों के अधिशासी अभियंता, अग्रणी जिला प्रबंधक, बैंक समन्वयक और पंजीकृत फर्मों के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में बैंकों में ऋण के लंबित आवेदनों और बिजली विभाग में लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिला विकास अधिकारी ने बैंक अधिकारियों को ऋण संबंधी पत्रावलियों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिए। वहीं डिस्कॉम और पोलारिस कंपनी के अधिकारियों को लंबित मामलों में तेजी लाने को कहा। बैठक के अंत में

एक नजर में

आग से जलाकर हत्या के आरोप में गिरफ्तारी के प्रयास तेज

पुरवा, उन्नाव। मोहल्ला शीतलगंज में ससुराल में पेट्रोल डालकर आग लगाने से युवक की मौत के मामले में गुरुवार को परिजनों ने पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार कर दिया। बुधवार को आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर परिजनों ने पुरवा-बिहार मार्ग जाम कर दिया था। सीओ के आश्वासन के बाद परिजन जाम हटाकर पोस्टमार्टम कराने को राजी हुए थे। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की हैं।बांगरमऊ के मोहल्ला अंबेडकर नगर निवासी संजय के मुताबिक, उसके भाई करन की शादी वर्ष 2025 में शीतलगंज निवासी फकीरेलाल की बेटी प्रीती से हुई थी। वर्ष 2026 में दोनों के बीच संबंध विच्छेद हो गया था। आरोप है कि बीते सोमवार रात प्रीती ने बीमार बेटी के इलाज के लिए रुपये देने के बहाने करन को मायके बुलाया था। वहां बातचीत के दौरान ससुर, साले और पत्नी ने उसके साथ मारपीट की और पेट्रोल डालकर आग लगा दी। करीब 95 प्रतिशत झुलसे करन को जिला अस्पताल से हैलट और फिर लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी मौत हो गई। कोतवाल भवन सिंह मौर्य ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

11 लाख खर्च, फिर भी चालू नहीं हुआ आंगनबाड़ी केंद्र

बिछिया, उन्नाव। ब्लॉक के सराय कटियान के बशीरतगंज में करीब 11 लाख रुपये की लागत से बना नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के काम नहीं आ पा रहा है। भवन तक पहुंचने के लिए रास्ता नहीं है और बिजली-पानी की व्यवस्था भी अधूरी है। परिसर में झाड़ियां उगी हैं। ऐसे में पंजीकृत बच्चे दूसरे आंगनबाड़ी केंद्रों में पढ़ाई और पोषण संबंधी गतिविधियों में शामिल होने को मजबूर हैं।शासन के निर्देश पर बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग ने भवन निर्माण की स्वीकृति दी थी। इसका निर्माण पीडब्ल्यूडी विभाग ने कराया है। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई गईं। निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण भवन अभी तक विभाग को हस्तांतरित भी नहीं किया गया है। ग्राम प्रधान सुनील साहू ने बताया कि ठेकेदार को कार्य पूरा कराने के लिए कहा गया है। जल्द ही व्यवस्थाएं दुरुस्त कराई जाएंगी, जिससे बच्चों को परेशानी न हो।

खस्ताहाल पटरियों से हादसों का खतरा, जिम्मेदार बेखबर

बिछिया, उन्नाव। दही चौकी-पुरवा मार्ग पर दही चौकी से तौरा गांव मोड़ तक सड़क के दोनों ओर बनी पटरियां खस्ताहाल हैं। करीब 15 किलोमीटर लंबे इस मार्ग पर आए दिन राहगीर हादसों का शिकार होकर घायल हो रहे हैं। बारिश के दिनों में वाहनों के पलटने का खतरा और बढ़ जाता है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, कई लोग इन हादसों में जान भी गंवा चुके हैं।

सड़क किनारे पटरियां क्षतिग्रस्त होने से वाहन चालकों को दूसरे वाहनों से बचने के लिए पर्याप्त जगह नहीं मिलती। ऐसे में अक्सर वाहन अनियंत्रित होकर गिर जाते हैं। लोगों का कहना है कि पटरियां दुरुस्त होने पर राहगीरों और वाहन चालकों को सुरक्षित स्थान मिल सकता है। क्षेत्रीय निवासी बउवा बाजपेई, राकेश शुक्ला, जितेंद्र और राजू सहित अन्य लोगों ने विभागीय अधिकारियों से पटरियों की मरम्मत और दोबारा निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि समस्या का जल्द समाधान नहीं हुआ तो हादसों का खतरा बना रहेगा।

स्कूल में तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

शुक्लागंज, उन्नाव। अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में 3 से 5 नवंबर तक तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। श्रीमती मीरा रानी सामाजिक उत्थान संस्थान के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अजय खन्ना के नेतृत्व में लगे शिविर में किडजोन से कक्षा 12 तक के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में जनरल फिजिशियन डॉ. प्रीतम चौधरी और डॉ. अनुराग श्रीवास्तव, नेत्र परीक्षक डॉ. खुशबू जायसवाल के मार्गदर्शन में डॉ. हिमांशु साहू व डॉ. रूपेंद्र कुमार तथा दंत चिकित्सक डॉ. गजेंद्र सिंह और डॉ. वीरेश शर्मा ने जांच की। इस दौरान वायरल, डेंगू, आंखों और दांतों सहित सामान्य स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक सुझाव दिए गए। डॉ. अजय पासवान ने स्वास्थ्य सहायक की भूमिका निभाई। विद्यालय प्रबंधक अजय त्रिवेदी ने शिविर को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी बताया। प्रधानाचार्या डॉ. अंकिता सोनी ने चिकित्सकों और सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

धनतेरस को लेकर शुक्लागंज के बाजार सजे, करोड़ों के कारोबार की उम्मीद

शुक्लागंज, उन्नाव। दीपावली पर्व पर धनतेरस को खरीदारी के लिए बेहद शुभ माना जाता है। इसे लेकर नगर के बाजार दुल्हन की तरह सज गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन, सराफा, रेडीमेड कपड़े, बर्तन, साइकिल और गिफ्ट की दुकानों पर विशेष तैयारियां की गई हैं। गणेश-लक्ष्मी की मूर्तियों की दुकानें भी सज गई हैं।ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए व्यापारियों ने आकर्षक छूट और उपहारों की योजनाएं शुरू की हैं। राजधानी मार्ग स्थित पुरुषोत्तम ज्वैलर्स, नेहरू नगर के कीर्ति ज्वैलर्स, सोनी ज्वैलर्स, राजू ज्वैलर्स और आनंद नगर के राजवती ज्वैलर्स में विशेष ऑफर दिए जा रहे हैं। ज्वैलर्स मयंक शुक्ला, राजेश बाजपेई, आशीष बाजपेई और अंकित सोनी ने बताया कि एक लाख रुपये के आभूषणों की खरीद पर विशेष उपहार और 50 हजार रुपये की खरीदारी पर भी आकर्षक उपहार दिया जाएगा। बाजारों में व्यापारियों की तैयारियों और ग्राहकों के उत्साह को देखते हुए इस बार धनतेरस पर करोड़ों रुपये के कारोबार की उम्मीद जताई जा रही है।

कुल्हाड़ी से हमला कर देवर को किया घायल, गर्भवती महिला से मारपीट का आरोप

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सोहनखेड़ा में घर में घुसकर मारपीट और कुल्हाड़ी से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने विपक्षियों पर देवर के सिर पर कुल्हाड़ी से वार करने और उसके पेट में लात मारने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम सोहनखेड़ा मजरे मरुई नईमपुर निवासी चांदनी के मुताबिक, 31 अक्टूबर की सुबह गांव के ही कुछ लोग उसके घर में घुस आए और मारपीट करने लगे। इस दौरान उसके देवर के सिर पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिससे उसका सिर फट गया। आरोप है कि हमलावरों ने दो माह की गर्भवती चांदनी के पेट में भी लात मारी,उसे ब्लीडिंग होने लगी और दर्द बना हुआ है। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। कोतवाली प्रभारी भवन सिंह मौर्य ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

सरस मेले में दिखा ग्रामीण महिलाओं के हुनर का दम



अम्बेडकरनगर। ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को शिवबाबा प्रांगण अकबरपुर में तीन दिवसीय जनपद स्तरीय सरस मेला.2026 का शुभारंभ हुआ। एमएलसी हरिओम पांडेय और कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद ने फीता काटकर मेले का उद्घाटन किया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन कर उनके उत्पादों की सराहना की।एमएलसी हरिओम पांडेय ने कहा कि स्वयं सहायता समूह ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। सरस मेला महिलाओं के हुनर और प्रतिभा को पहचान दिलाने के साथ उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने का प्रभावी मंच है। उन्होंने महिलाओं को उत्पादों की गुणवत्ता बनाए रखने और अपने व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।विधायक धर्मराज निषाद ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं आर्थिक गतिविधियों में अपनी भागीदारी बढ़ा रही हैं। उन्होंने आमजन से मेले में पहुंचकर महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की खरीदारी करने और उनका उत्साहवर्धन करने की अपील की।उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन एवं ग्राम्य विकास विभाग के तत्वावधान में आयोजित यह मेला पांच से सात नवंबर तक चलेगा। इसमें 30 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं ने हस्तशिल्प घरेलू उपयोग की वस्तुओं खाद्य पदार्थों सहित विभिन्न स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री के लिए स्टॉल लगाए हैं। इस मौके पर डीसी एनआरएलएम डीएमएम बीएमएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।